Shajhanpurpol

प्रेस नोट – सराहनीय कार्य दिनांक 22.08.2021

थाना बण्डा पुलिस द्वारा डायल 112 पर झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने वाले 02 व्यक्ति गिरफ्तार

श्री एस. आनन्द पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में श्री संजीव कुमार वाजपेयी अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदय व श्रीमान क्षेत्राधिकारी पुवायां जनपद शाहजहाँपुर महोदय के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम अपराध के दौरान आज दिनाँक 23.08.2021 को थाना बण्डा पुलिस डायल 112 व थाना पुलिस को झूठी सूचना देकर गुमराह करने वाले दो व्यक्ति 1.सूरज पुत्र रामअवतार 2. श्रवण कुमार पुत्र श्रीराम नि0गण ग्राम कमालपुर थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनो व्यक्ति आपस में लडाई-झगड़े की झूठी सूचना देते थे और पहले भी कई बार झूठी सूचना दे चुके है। पुलिस व डायल 112 मौके पर पहुँचने पर किसी प्रकार का कोई लड़ाई झगडा नही पाया जाता था। कल दिनांक 22.08.2021 को भी उक्त व्यक्तियों द्वारा डायल 112 पर काल कर लड़ाई-झगड़े की झूठी सूचना दी मौके पर डायल 112 के पहुँचने पर किसी प्रकार का कोई झगड़ा नहीं पाया गया। उक्त दोनो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर दोनो व्यक्तियों का धारा 151/107/116 द0प्र0सं0 में चालान कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त गण का विवरण-

1.सूरज पुत्र रामअवतार नि0 ग्राम कमालपुर थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर
2. श्रवण कुमार पुत्र श्रीराम नि0 ग्राम कमालपुर थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- श्री मनोज कुमार प्रभारी निरीक्षक बण्डा जनपद शाहजहाँपुर,
2- उ0नि0 रतिराम सिंह थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर
3- का0 1539 राजीव कुमार , थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर
4- का0 871 नरवीन थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर